# वैश्विक दौर में मातृभाषा के प्रति अनुराग कम होना चिंताजनक : राजेन्द्र जोशी

- युवाओं के लिए समकालीन राजस्थानी युवा कविता के स्वर कार्यक्रम का आयोजन

**बीकानेर,**(कासं)। सादुल राजस्थानी रिसर्च इंस्टीट्यूट बीकानेर के तत्वावधान में समकालीन राजस्थानी युवा कविता के स्वर कार्यक्रम का आयोजन रविवार को राजकीय संग्रहालय परिसर स्थित इंस्टीट्यूट सभागार में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार कवि – कथाकार राजेन्द्र जोशी ने की। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कवयित्री मोनिका गौड थी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कवि–कथाकार राजेन्द्र जोशी ने कहा कि वैश्विक दौर में मातृभाषा के प्रति अनुराग कम होना चिंताजनक है। जोशी ने कहा कि युवा पीढ़ी में तार्किक रुप से अपनी बात कहने की कोशिश होनी अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि राजस्थानी युवा कवि सामाजिक विद्रूपताओं के विरूद्ध अपनी कलम चला रहे है। आज प्रस्तुत की गई युवा कवियों पर बोलते हुए जोशी ने कहा कि राजस्थानी कवियों की रचनाओं से भावों की अभिव्यक्ति जिनमें उनकी रचनाओं की राजस्थानी पहचान प्रकट हुई है।

जोशी ने कहा कि तीनों युवा कवियों ने अपनी बात राजस्थानी कविता के माध्यम से प्रमाणिकता के साथ रखते हुए कसौटी पर खरे उतरते है। जोशी ने कहा कि भाषा बचेगी तो संस्कृति बची रहेंगी। मुख्य अतिथि मोनिका गौड ने कहा कि अच्छा लिखने के लिए पढ़ना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि ये नवाचार युवाओं को अपनी भाषा मे बोलने का मौका देने के साथ स्वयं की कूंत करने का भी अवसर देगा।



युवाओं के लिए समकालीन राजस्थानी युवा कविता के स्वर कार्यक्रम को वरिष्ठ साहित्यकार राजेन्द्र जोशी ने संबोधित किया।

साहित्य की कसौटी पर नए विचार भाव रूपको से सजी अपनी कविता की परख करने का मौका मिलेगा जिसका लाभ मान्यता आंदोलन को भी मिलेगा।

रविवार को आयोजित कार्यक्रम में राजस्थानी के तीन युवा कवियों ने अपनी शानदार प्रस्तुति से कार्यक्रम को उमंग और जोश से भर दिया आज के युवा कवियों में पूनमचंद गोदारा, ज्योति स्वामी एवं आरती छंगाणी ने अपनी प्रस्तुति दी। युवा कवि पूनमचंद गोदारा ने राजस्थानी गजल और अनेक कविताएं सुनाकर वाहावाही लूटी। उन्होंने गजल आ भेला बैठां बोले करां, नफरत रा बिंटा गोल करां सुनाई।

हिन्दू, मुस्लिम, सिख ईसाई एकां जाजम रमझोल करां एवं कीड़ीनगरो, हे नीलकंठ, मजूर नेता, चीकणो घड़ो, धर्म, सपना अर भूख, मांचो, एवं ठाह ई नीं आदि कविताएं सुनाई। युवा कवयित्री ज्योति स्वामी ने लोकधर्मी कविताएं सीधी–सरल भाषा में पढ़ते हुए ई शरीर माथे प्रेम री कीं तो सेनाणी हुए। परिजात सु फुटरी काया पर किन तो प्रेम री सेनाणी रेवे। प्रेम रचनाओं में प्रेम बिरखा तो ज्यां होवे हार सिंगार, जिकी शरीर रा सगला रोग मिटावती जावे। स्वामी ने थेला शीर्षक से थैलो है एक में घणा रूपा रो ओ थैलो। सपना अर आश सु भरियोडो ओ थैलो। उन्होंने शहर की संस्कृति पर इशो है म्हारो भोलो सो बीकाणो, हर ओलू ने राखे सांभ र'। सुनाकर दाद बटोरी।

युवा कवियत्री आरती छंगाणी ने रिश्तो एवं मुस्कराहट पर कविताएं प्रस्तुत करते हुए रिश्ता जग में रिस रिहया, अबे देवा किने दोष, समझ ना आवे सा जकां म्हारे खातर हमेस तैयार मिले जकां रे चेहरे माथे हंसी रा फूल खिले' ओजपूर्ण तरीके से प्रस्तुतीकरण करते हुए कार्यक्रम का आगाज किया। तीनों कवियों की प्रस्तुत की गई कविताओं पर त्वरित टिप्पणी करते हुए डॉ. गौरीशंकर प्रजापत ने कहा कि एकदम नुंवा और युवा कवियों की कविताएं समकालीन कविता कि विकासशील धारा को आगे ले जाने वाली है। शिल्प शैली और भाषा का प्रवाह प्रभावशाली है। करूणा और संवेदना के साथ भारतीय संस्कृति कि चिंता अगर आज के कवियों को सता रही है तो संस्कृति और संस्कारों के लिए शुभ संकेत है। कविता के भविष्य का शुभ संकेत है।

प्रारंभ में कार्यक्रम प्रभारी साहित्यकार राजाराम स्वर्णकार ने स्वागत उद्बोधन करते हुए कहा कि आने वाले दौर में संस्थान द्वारा अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। स्वर्णकार ने युवाओं को राजस्थानी भाषा से जोड़ना एवं निरंतर बनाए रखना आवश्यक बताया। कार्यक्रम में अपनी बात रखते हुए व्यंग्यकार संपादक डॉ अजय जोशी ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कहा कि नव किरण सृजन मंच युवाओं के लिए आयोजित कार्यक्रम में सदैव अग्रणी भूमिका निभाएगा। अतिथियों ने तीनों युवा कवियों का सम्मान करते हुए स्मृति चिन्ह एवं नगद राशि देकर सम्मान किया तथा तीनों कवियों को नव किरण प्रकाशन की ओर से पुस्तकें भी भेंट की गई।

## प्रो. हर्ष ब्रिट कॉलेज लंदन में सलाहकार नियुक्त

**बीकानेर,** (कासं)। बीकानेर के प्रो. ओम कुमार हर्ष को ब्रिट कॉलेज लंदन का अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक एवं शोध सलाहकार नियुक्त किया गया है।

डॉ. हर्ष अभी ऑस्ट्रेलिया के एडिलेड में रह रहे है। प्रोफेसर हर्ष एक भारतीय ऑस्ट्रेलियाई वैज्ञानिक और प्रोफेसर हैं। उल्लेखनीय है कि डॉ. हर्ष का भौतिकी, इंजीनियरिंग और कंप्यूटर विज्ञान एवं इंजीनियरिंग के क्षेत्र में बहु–विषयक शैक्षणिक करियर रहा है। इसके अलावा, न्यू इंग्लैंड विश्वविद्यालय, ऑस्ट्रेलिया ने प्रो. हर्ष की उत्कृष्ट उपलब्धियों को मान्यता दी है। प्रोफेसर हर्ष वर्ष 2018 में ऑस्ट्रेलिया के न्यू इंग्लैंड विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र विशिष्ट पुरस्कार का दर्जा पाने वाले पहले भारतीय हैं।

वे भारत के सहारनपुर स्थित ग्लोकल विश्वविद्यालय के कुलपति और डिप्टी चांसलर रह चुके हैं। इससे पहले वह टांटिया विश्वविद्यालय, श्रीगंगानगर के कुलपति भी थे। प्रोफेसर हर्ष ने उत्तर भारत के सबसे बड़े इंजीनियरिंग कॉलेजों में से एक, हिंदुस्तान कॉलेज ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के निदेशक के रूप में भी काम किया है।

डॉ. हर्ष ने चार शोध उपाधियां प्राप्त की हैं, जिनमें से दो ऑस्ट्रेलिया से और दो भारत से हैं। पांच देशों में अनुभव रखने वाले शिक्षाविद के रूप में अपने करियर में, उन्हें उनके उत्कृष्ट शोध कार्यों के आधार पर रियो की अंतर्राष्ट्रीय वैज्ञानिक परिषद के सदस्य के रूप में सम्मानित किया गया था।

## सार-समाचार

### लोगस्स कल्प अनुष्ठान का आयोजन




बीकानेर में लोगस्स कल्प अनुष्ठान को साध्वी प्रांजल प्रभा ने संबोधित किया।

**बीकानेर,** (कासं)। युगप्रधान आचार्य महाश्रमण की शिष्या साध्वी चरितार्थ प्रभा एवं साध्वी प्रांजल प्रभा के सानिध्य में तेरापंथ युवक परिषद, गंगाशहर द्वारा लोगस्स कल्प अनुष्ठान का आयोजन किया गया। साध्वी चरितार्थ प्रभा ने लोगस्स की महत्ता एवं भव्यता का व्याख्यान किया और उद्बोधन दिया कि लोगस्स पाठ बहुत ही चमत्कारी है। सभी को इसका रोज जप करना चाहिए। आज के अनुष्ठान में 200 से अधिक श्रावक–श्राविकाएं उपस्थित थे एवं सभी के एक साथ जप से शांति निकेतन का प्रांगण लोगस्स के जप से गुंजायमान हुआ एवं एक आध्यात्मिक सकारात्मक ऊर्जा का वातावरण बना जिसमें सभी मंत्रमुग्ध हो गए। तेयुप अध्यक्ष महावीर फलोदिया ने बताया कि इस अनुष्ठान में सभी कार्यकर्ता पूरे मनोयोग से सफल बनाने मे लगे हुए थे। कार्यक्रम के प्रभारी मांगीलाल बोथरा ने बताया की गंगाशहर तेरापंथी सभा, युवक परिषद प्रबंध मंडल, महिला मंडल, किशोर मंडल, कन्या मंडल की पूरी टीम एवं सभी संस्थाओं के पदाधिकारी इस कार्यक्रम मे उपस्थित थे।

### यासीन अली कोहरी का किया स्वागत



हज में सेवाएं देकर लौटे यासीन अली कोहरी का स्वागत किया।

**बीकानेर,** (कासं)। भारतीय हज कमेटी और भारत सरकार अल्पसंख्यक कल्याण मंत्रालय ने हज 2024 के लिए मेडिकल टीम में सेवा हेतु राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र न. 4 विवेकनगर में कार्यरत यासीन अली कोहरी, प्रयोगशाला सहायक का चयन हज यात्रा में हुआ था। उन्हें 52 दिनों के लिए खादिमुल हुजाज के रूप में नियुक्त किया गया था। हज सेवाओं में भाग लेने के बाद, अवधि पूर्ण होने पर रविवार को जयपुर से सड़क मार्ग द्वारा बीकानेर आने पर यासीन अली का रेलवे स्टेशन पर स्वागत किया गया। उन्होंने अपने अनुभवों का सार समाज के साथ साझा किया और स्थानीय समुदाय को अपने यात्रा के अनुभवों को साझा किया और समाज को सेवा के लिए से प्रेरित किया।

### चाकूबाजी में एक युवक गंभीर घायल

**बीकानेर,** (कासं)। आपसी रंजिश के चलते पुरानी जेल रोड पर हुई चाकूबाजी की वारदात में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसको पीबीएम अस्पताल के ट्रोमा सेन्टर ले जाया गया। जहां उसका इलाज चल रहा है। घायल के पर्चा बयान के आधार पर पुलिस ने चार नामजद आरोपियों के खिलाफ थाने में मामला दर्ज किया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक चाकूबाजी की वारदात में घायल धोबीतलाई गली निवासी यतिन्द्र उर्फ नितिन गौड़ ने पर्चा बतया में बताया कि वह शुक्रवार की रात को तकरीबन नौ बजे अपने मामा से पांच हजार रुपये लेकर आ रहा था। आरोप लगाया है कि इसी दौरान पुरानी जेल रोड स्वर्णकार पंचायती भवन के नजदीक पहुंचा तो वहां आरोपित मोटर साइकिलों पर सवार होकर पहुंचे। आरोप है कि आरोपियों ने उसका रास्ता रोककर उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोप लगाया है कि जान लेने के नियत से आरोपियों ने उस पर चाकू से हमला किया। शोर मचाने पर आरोपी भाग गए। भागते वक्त आरोपी उससे पांच हजार रुपये भी छीन लिए। पुलिस ने घायल के पर्चा बयान के आधार पर आरोपी अनीश पठान, सोनू, मोनू और सोयल के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### डी.डी.सी.सी. ने जीता मुकाबला

**बीकानेर,** (कासं)। जिला क्रिकेट संघ के तत्वावधान में धरणीधर खेल मैदान पर अंडर–19 चैलेंजर ट्रॉफी रविवार को प्रारंभ हुई। जिला क्रिकेट संघ के सयुक्त सचिव अनिल सिडाना ने बताया कि पहले दिन खेले गए मैच में डीडीसीसी ने मुदित उपाध्याय की घातक गेंदबाजी की बदौलत सिडाना स्पोर्ट्स कूब को हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए सिडाना स्पोर्ट्स क्लब 84 रन बना कर ऑल आउट हो गई। जीतेश ने सर्वाधिक 16 रनों का योगदान दिया। डीडीसीएसी क्लब के मुदित ने घातक गेंदबाजी करते हुए 8 ओवर में 19 रन देकर चार खिलाड़ियों को आउट किया। पंकज ने 3 और पवन व्यास ने 2 विकेट लिए। निर्धारित लक्ष्य का पीछा करते हुए डीडीसीएस क्लब ने 6 विकेट खोकर लक्ष्य की प्राप्त कर लिया। डीडीसीसी क्लब की ओर से हंसराज प्रजापत ने 29 व विनीत व्यास ने 19 रन बनाए। सिडाना स्पोर्ट्स क्लब की तरफ से अजय सियाग ने दो विकेट लिए। इससे पहले जिला संघ के उपाध्यक्ष अफरोज खान ने खिलाड़ियों की हौसला अफजाई की। प्रकाश चूरा और वीरेन्द्र चावला ने अम्पायर की भूमिका निभाई।

# झाड़ियों में मिली डेढ़ घंटे पहले जन्मी बच्ची

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। अग्रसेन नगर चौक से सटी डाल कॉलोनी की झाड़ियों में मिली नवजात बच्ची जीवन से संघर्ष कर रही है।

राजकीय जिला चिकित्सालय के नैनो आईसीयू में भर्ती बच्ची की हालात नाजुक बनी हुई है। बच्ची दुनिया में एक महीने पहले आ गई। बच्ची का वजन 1700 ग्राम है। स्वस्थ नवजात शिशु के लिए कम से कम ढाई से तीन किलोग्राम होना जरूरी है। उसे ऑक्सीजन के माध्यम से बचाने का प्रयास किया जा रहा है। विदित रहे कि प्री मच्योर बच्ची के जन्म लेते ही उसे झाड़ियों में फेंक दिया गया लेकिन जागरूक महिला किरण के माध्यम से उसकी जान बच गई। चिकित्सक डॉ. संजय राठी का दावा किया कि विषम परिस्थितियों के रहे अब इस नन्हीं जान के बचने की उम्मीदें अब जाग गई हैं। इधर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग और बाल कल्याण समिति की ओर से इस बच्ची की मां के बारे में पड़ताल की जा रही है।

घटनास्थल का एरिया ग्रामीण क्षेत्र में हैं। महिला सुपरवाइजर सुनीता स्वामी ने बताया कि उनके एरिया के आंगनबाड़ी केन्द्र में प्रसुताओं को मिलने वाले पोषाहार की रिपोर्ट के आधार पर जांच की गई है लेकिन एक डिलीवरी हुई, वह भी जिला चिकित्सालय में है। इसके अलावा कोई महिला ऐसी नहीं पाई गई है जिसकी डिलीवरी होने वाली हो। घटनास्थल के पास अग्रसेन नगर एरिया है, यह शहरी क्षेत्र में आता है।

बाल परियोजना विकास अधिकारी अनिल कामरा का कहना है कि आशा सहयोगिनी डोर टू डोर सर्वे करती हैं। उनके पास ऐसी जानकारी हो सकती है, लेकिन ये आशा सहयोगिनी अब चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अधीन हैं। सीएमएचओ डॉ. अजय सिंगला ने बताया कि बच्ची की मां के बारे में पूरे इलाके से फीडबैक मांगा गया है। आशा सहयोगिनों के अलावा एएनएम और चिकित्सकों से बच्ची की मां के बारे में पड़ताल की जा रही है।

जिस मां ने इस बच्ची को जन्म देकर ठुकराया हो लेकिन उसे अपनाने वालों की कमी नहीं है। महिलाओं ने फोन कर बच्ची को गोद लेने की प्रक्रिया के बारे में जाना। एक महिला ने तो यहां तक कहा कि मासूम की फोटो देखकर उसका दिल पसीज गया और उसे बेटी बनाने का मन कर रहा है।

बाल कल्याण समिति की टीम जब घटना स्थल के आसपास बसी कॉलोनियों का जायजा ले रही थी तब कई महिलाओं का कहना था कि जैसे ही बच्ची के बारे में खबर पढ़ी तो आंसू निकलने लगे। सबकी जुबां पर यही सवाल था कि आखिर इस बच्ची का कसूर क्या है।

## डकैती के आरोपी रिमांड पर

**हनुमानगढ़,**(कासं)। डबलीराठान में दुकानदार पर हमला कर डकैती मामले में सदर थाना पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार करने के बाद कोर्ट में पेश कर उनका रिमांड मंजूर कराया गया।

पुलिस के अनुसार आरोपी जसविन्द्र सिंह (20) पुत्र वीरसिंह बावरी निवासी वार्ड 22 डबली राठान मोलवीबास तथा सुखवीर सिंह (19) पुत्र दर्शनसिंह बावरी निवासी वार्ड 21 डबलीराठान मोलवीबास का रिमांड मंजूर करवा कर उनसे पूछताछ की जा रही है। वारदात में संलिप्त अन्य लोगों की जानकारी हासिल करने का प्रयास किया जा रहा है। इस संबंध में 28 जून को सदर थाने में नरेश कुमार पुत्र रौनकराम अरोड़ा निवासी वार्ड 12 डबलीबास मौलवी ने सदर थाने में मामला दर्ज कराया था कि उसका भाई 27 जून की रात करीब 11 बजे अपनी दुकान बंद कर बिक्री राशि 30,500 रूपए साथ लेकर घर के लिए रवाना हुआ। रास्ते में दो–तीन अज्ञात लोगों ने लूटपाट की।

# ट्रैक्टर की टक्कर से विवाहिता की मौत

- लूणकरनसर के गारबदेसर में ट्रैक्टर चालक ने लापरवाही से तेज चलाकर से टक्कर मार दी
- वहीं राजेरा गांव में बिजली पोल की तान में करंट से बालक की मौत

**बीकानेर,** (कासं)। जिले में ट्रैक्टर की टक्कर से एक विवाहिता की मौत हो गई।

रिपोर्ट मृतका के पति ने लूणकरनसर पुलिस थाने में दी है। रिपोर्ट में गारबदेसर निवासी मंगलाराम पुत्र ताराचंद ने बताया कि ट्रैक्टर चालक ने गफलत व लापरवाही से ट्रैक्टर को तेज चलाते वक्त उसकी पत्नी को टक्कर मार दी। जिससे उसकी पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि चालक ट्रैक्टर को छोडक़र मौके से फरार हो गया। पुलिस ने रिपोर्ट पर ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

**बिजली के तार छूने से मौत :** बरसात के इस मौसम में करंट का खतरा बना हुआ है। नापासर पुलिस थाना क्षेत्र में एक 7 वर्षीय बच्चे की गली में खेलते वक्त बिजली के तार छू जाने से उसकी मौत हो गई। इस आशय की मर्ग रिपोर्ट मृतक के चाचा राजेरा गांव निवासी खेताराम जाट पुत्र लालूराम ने थाने में दी है। रिपोर्ट में बताया कि उसका भतीजा कोजाराम पुत्र जेठाराम गली में बच्चों के साथ खेल रहा था। जहां खेलते वक्त उसने अनजाने में बिजली के पोल के स्पोर्टिंग में लगी तान को छू लिया। जिससे करंट लगने से उसके भतीजे की मौत हो गई।

# लूणकरनसर में हाईवे पूरी तरह से जलमग्न

- मौसम विभाग ने श्रीगंगानगर व हनुमानगढ़ जिलों में भारी बरसात होने की चेतावनी दी

**बीकानेर,** (कासं)। जिले में रविवार तड़के ग्रामीण अंचल में हुई झमाझम से लूणकरनसर में हाईवे पूरी तरह से जलमग्न हो गया।

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक रविवार तड़के लगभग दो घंटे तक जमकर बदरा बरसे। जिसके चलते लूणकरनसर कस्बे के निचले हिस्सों में पानी भर गया तथा कस्बे के बीच हाईवे पूरी तरह से जलमग्न हो गया। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक अब तक बरसात से अछूते खाजूवाला क्षेत्र में भी बरसात होने के समाचार मिल रहे हैं।

मौसम विभाग ने ओरेंज अलर्ट जारी करते हुए बीकानेर संभाग के श्रीगंगानगर व हनुमानगढ़ जिलों में भारी बरसात होने की चेतावनी दी है। मौसम विभाग की ओर से जारी ओरेंज अलर्ट के मुताबिक बीकानेर संभाग के श्रीगंगानगर व हनुमानगढ़ जिलों में तेज गर्जना के साथ मध्यम व तेज बरसात के साथ 40–50 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से तेज हवा चलने की संभावना जताई है। इसी के साथ मौसम विभाग ने लोगों से सुरक्षित स्थानों पर रहने की अपील भी की है।

## दुष्कर्म मामले में 10 वर्ष की सजा

**बीकानेर,** (कासं)। अपर सत्र न्यायाधीश महिला उत्पीडन मामलों की विशेष अदालत के कार्यवाहक पीठासीन अधिकारी लोकेन्द्रसिंह शेखावत ने विकलांग और मंद्बुद्धि युवती से दुष्कर्म करने वाले को 10 साल के कठोर कारावास और 15,000 रुपए के अर्थदंड की सजा सुनाई है।

पीड़िता के पिता की ओर से 8 फरवरी, 20 को खाजूवाला थाना पुलिस को रिपोर्ट दी गई थी कि वह अपने बेटे के साथ खेत में काम कर रहा था। उसकी पत्नी खाना लेकर खेत में आ गई। घर पर दिव्यांग और मंद्बुद्धि पुत्री अकेली थी। आरोपी सुशील कुमार घर में घुसा और युवती से दुष्कर्म किया। वारदात को अंजाम देकर वह फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर चालान पेश कर किया।

# बीकानेर में भी सिटी बसें शुरू करने की मांग

- सरकार ने बीकानेर के नगर विकास न्यास क्षेत्र में सीएनजी और एलपीजी ऑटो की परमिट अब 7 हजार कर दी है

**बीकानेर,** (कासं)। शहर की आबादी के लिहाज से ऑटो की परमिट नाकाफी थी, इसको लेकर भारतीय राष्ट्रीय ट्रांसपोर्ट वर्कर्स फैडरेशन लगातार इस मांग को लेकर प्रयासरत था। संगठन का यह प्रयास अब रंग लाया है। राज्य सरकार ने बीकानेर के नगर विकास न्यास क्षेत्र में सीएनजी और एलपीजी ऑटो की परमिट अब 7 हजार कर दी है पूर्व में यह 6 हजार थी।

संगठन के हेमंत किराड़ू ने बताया कि सरकार का निर्णय स्वागत योग्य है लेकिन यह बढ़ोतरी 18 साल बाद हुई है। इतने साल में बीकानेर की आबादी कहां से कहां पहुंच गई है। साथ ही बीकानेर में सिटी बसों का संचालन भी नहीं होता है। किराड़ू ने बीकानेर में यातायात साधन बढ़ाने की दिशा में काम करने के लिए सिटी बसें शुरू करने की भी मांग उठाई है। ऑटो परमिट बढ़ाने को लेकर बीते डेढ़ दशक से भी ज्यादा समय से राष्ट्रीय ट्रांसपोर्ट वर्कर्स फैडरेशन प्रयास कर रहा है।

राज्य सरकार ने संगठन की मांग को ध्यान में रखते हुए दो जुलाई को इस संबंध में आदेश जारी कर दिए है। इसमें बताया गया है कि मोटर यान अधिनियम के तहत शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य, पूर्व में जारी अधिसूचना करते हुए राज्य परिवहन प्राधिकरण, जयपुर और प्रादेशिक परिवहन प्राधिकरण बीकानेर को निर्देश जारी किए गए हैं।

राज्य सरकार ने वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए राज्य परिवहन प्राधिकरण, जयपुर और प्रादेशिक परिवहन प्राधिकरण को निर्देशित किया है। नए अनुज्ञापत्र अन्य रूप से एलपीजी सीएनजी ईंधन से संचालित वाले वाहनों को ही स्वीकृत किए जायेंगे।

# शाकद्वीपीय समाज ने की होनहारों को तीन लाख की छात्रवृति वितरित

**बीकानेर,** (कासं)। शाकद्विपीय मग ब्राह्मण समाज की उच्च शिक्षा समिति ने उच्च शिक्षा में आर्थिक रूपसे कमजोर वर्ग और विशेष प्रतिभाशाली छात्रों 3 लाख की छात्रवृति शिव शक्ति भवन डागा चौक के सेठ प्रेमरतन सेवग सभागार में समारोहपूर्वक वितरित की।

समारोह के मुख्य अतिथि राजस्थान सरकार में जयपुर में पदस्थापित पुलिस महानिरीक्षक हेमंत शर्मा थे। अध्यक्षता बीकानेर अतिरिक्त जिला शिक्षा समग्र योजना अधिकारी गजानंद सेवग ने की। समारोह के प्रारंभ में मंचासिन अतिथियों ने भगवान भास्कर और शिक्षाविद राजस्थान यूनिवर्सिटी के पूर्व डीन स्व. बजरंग लाल भोजक के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया व पुरूषोत्तम सेवक ने मंत्रोच्चार किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अपने विचार रखते हुए जयपुर पुलिस महानिरीक्षक हेमंत शर्मा ने कहा की प्रयास हमेशा छोटे स्तर से होते है लेकिन आपकी ईमानदारी और नेक नियत से किया गया कार्य एक न एक दिन बहुत विराट रूप ले लेता हैं और आपके स्वयं के मानव होने के पर्याय को सही साबित करता है। शर्मा ने कहा कि आज का दौर शिक्षा का है शिक्षा वो हथियार है जिसके माध्यम से बड़ी से बड़ी विपदा को भी अपने घुटने टेकने पड़ते हैं।



शाकद्वीपीय समाज के प्रतिभावान विद्यार्थियों को समारोह के मुख्य अतिथि पुलिस महानिरीक्षक हेमंत शर्मा व शिक्षा समग्र योजना अधिकारी गजानंद सेवग ने छात्रवृति वितरित की।

उन्होंने छात्रों से कहा कि आप सभी सौभाग्य शाली है जो आपको समाज का इतना सहयोग और उचित माहौल मिल रहा है। आप खूब पढ़ो और आगे बढ़ो परेशानियां आपके समक्ष ज्यादा नहीं टिक पायेगी। जब तक बालिका और बालक इस लायक ना हो जाए की वो खुद अपना जीवन संभाल सकते हो तब तक उनको संसार को बाकी जिम्मेदारियों से मुक्त रखें। ताकि अच्छी शिक्षा प्राप्त कर वे जीवन को सफलतम मुकाम तक ले आए। अध्यक्षता करते हुए अतिरिक्त जिला समग्र शिक्षा अधिकारी गजानंद सेवग ने कहा कि आज का दौर आपके लिए कई बड़ी चुनौतियों के साथ खड़ा है भगवान ने आपको होंसले के पंख दिये है अपने पंखों को टटोलो और सफलता के पथ पर आगे बढ़ो । स्वागत उद्बोधन देते हुए आर के शर्मा ने कहा की मनुष्य खुद बड़ा नही होता इसके गुण और शिक्षा का स्तर उसकी सफलता तय करता है।

# मंडल रेल प्रबंधक की हठधर्मिता के खिलाफ प्रदर्शन

**बीकानेर,** (कासं)। नॉर्थ वेस्टर्न रेलवे एम्पलाइज यूनियन के आव्हान पर आज तीसरे दिन डॉ आशीष कुमार मंडल रेल प्रबंधक की हठधर्मिता के खिलाफ बीकानेर स्टेशन स्थित सहायक मंडल इंजीनियर लाइन ओर मुख्यालय, क्लीनिंग लोंडरी के पास प्रमोद यादव मंडल मंत्री, नॉर्थ वेस्टर्न रेलवे एम्पलाइज यूनियन बीकानेर के नेतृत्व में अपना विरोध दर्ज कराया।

कामरेड प्रमोद यादव ने विरोध प्रदर्शन कर रहे कर्मचारी बताया कि स्थानीय रेल प्रशासन के अफसरशाही कर्मचारियों मे कार्य का दबाव , मनमानी कर उनका शोषण करना, कर्मचारियों के वेल्फेर के काम को अनदेखी करना, समय पर कर्मचारियों के काम नही करना इन सभी से कर्मचारियों मे भारी रोष है। मंडल का मुख्य होने के नाते मंडल रेल प्रबंधक डॉ आशीष कुमार अपनी हठधर्मिता को सर्वप्रिय मान रहे है मंडल रेल प्रबंधक बीकानेर के रेल कर्मचारियो की समस्याओं को निपटाने में नकारात्मक रवैये के विरोध मे लगातार आज तीसरे दिन ये विरोध प्रदर्शन किए गए। मंडल की सभी शाखाओं सूरतगढ़, हनुमानगढ़, श्रीगंगानगर, भटिण्डा, सिरसा, हिसार, चूरू, रतनगढ़, बीकानेर, लालगढ़ में कर्मचारियों का स्टेशनों व कार्यालयों पर निरंतर विरोध जारी है। इस प्रदर्शन मे कॉम ब्रजेश ओझा, विजय श्रीमाली, दिनेश सिंह, मुश्ताक अली, जितेंद्र चौधरी, राजेन्द्र सिंह, अंसार अहमद ,शिवानंद ,दीनदयाल, मुकेश मीना, नवीन, रामहंस , संजीव मलिक, सलीम ,सुनील, हरि , संजय कुमार, के साथ अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।



नॉर्थ वेस्टर्न रेलवे एम्पलाइज यूनियन बीकानेर ने मंडल रेल प्रबंधक की हठधर्मिता के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन किया।